ताने सुन सुन कर संसार के आया हु

ताने सुन सुन कर संसार के आया हु,
कह कर मैं अपने परिवार से आया हु,
सुन लेगा श्याम मेरी आगे मर्जी तेरी,

लौटू घर जब खाटू वाले बचे मेरी जेब टटोले,
भर आती आंख मेरी आगे मर्जी तेरी,
ताने सुन सुन कर संसार के आया हु,
कह कर मैं अपने परिवार से आया हु,

पूछे पडोसी ताना देकर कया आया तू श्याम लेकर,
झुक जाये नजर मेरी आगे मर्जी तेरी,
ताने सुन सुन कर संसार के आया हु,
कह कर मैं अपने परिवार से आया हु,

कितना सहू अब और मैं दानी,
सिर के ऊपर हो गया पानी,
सुनले फ़रयाद मेरी आगे मर्जी तेरी,
ताने सुन सुन कर संसार के आया हु,
कह कर मैं अपने परिवार से आया हु,

सोनू तू दातार बड़ा है,
क्यों सवाल लाचार खड़ा है,
मैंने कह दी बात मेरी आगे मर्जी तेरी,
ताने सुन सुन कर संसार के आया हु,
कह कर मैं अपने परिवार से आया हु,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/9597/title/taane-sun-sun-kar-sansar-ke-aaya-hu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |